अति महत्वपूर्ण/फैक्स

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

परिपत्र संख्याः डीजी-12 /2016 दिनांकः लखनऊः फरवरी 27, 2016

सेवा में,

समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।
समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।
समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश।

कृपया आप सुनिश्चित करें कि जनपद के सभी थानाध्यक्ष अपने-अपने थानाक्षेत्र में प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ क्षेत्र में बैठक करें। यह सुनिश्चित किया जाय कि थाने के समस्त क्षेत्र तथा सभी वर्गों के नागरिक सम्मिलित हों।

2. इस गोष्ठी का उद्देश्य थानाक्षेत्र के संभ्रान्त नागरिकों सेः-

(1) **संवाद स्थापित करना**
(2) **उनकी समस्याओं से भिज्ञ होना**
(3) **जनता के और करीब जाना**
(4) **जनता में विश्वास पैदा करना कि वह पुलिस को बिना हिचक के सूचनाएं दे पायें।**
(5) **इनमें से कुछ नागरिकों को "Digital Volunteers" के रूप में विकसित करना।**

3. थाना स्तर की बैठक में सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी तथा उस क्षेत्र के अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा भी भाग लिया जाये।

4. इसी तरह जनपद स्तर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा भी संभ्रान्त नागरिकों को चिन्हित कर एक गोष्ठी की जाय जिसमें जनपद के समस्त क्षेत्र व वर्ग के नागरिक हों। यथासम्भव जनपद स्तर की गोष्ठी में पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस उप महानिरीक्षक भी सम्मिलित हों।

5. इसका प्रत्येक स्तर पर एक रजिस्टर बनाया जाय जिसमें संभ्रान्त नागरिकों के:-

(1) **नाम व पता**
(2) **फोन नम्बर**
(3) **ई-मेल** आई0डी0 आदि हो।

6. इसके अतिरिक्त इन प्रतिष्ठित नागरिकों को सम्मिलित कर थाना स्तर व जनपद स्तर पर वाट्सऐप (**whatsapp**) पर ग्रुप बनायें जिससे आपस में संवाद/सूचनाओं का आदान-प्रदान करने में सुविधा हो। उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन दिनांक 15-03-2016 तक सुनिश्चित कराकर जोन की संकलित अनुपालन आख्या ई-मेल **dgpsection8@gmail.com** पर प्रेषित करें।

27.2

(जावीद अहमद)
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश।